श्न-5 नीति आयोग क्या है ? इसकी वर्तमान संरचना क्या है ? तथा नीति आयोग द्वारा वर्तमान समय में किये गये कार्यों की चर्चा कीजिए ? (300 Words)

तर-5 नीति आयोग (NITI Aayog) :- नीति आयोग भारत सरकार द्वारा गठित एक नया संस्थान है, जिसे योजना आयोग को भंग करने के बाद 1 जनवरी 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में स्थापित किया गया। नीति आयोग का पुरा नाम 'राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान' (National Institution for Transforming India-NITI) है। यह संस्थान भारत सरकार के 'थिंक-टैंक' के रूप में कार्यरत है, जो सहकारी संघवाद की भावना को बढ़ावा देता है। इसका उद्देश्य राज्य सरकारों का भारत सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों तथा कार्यक्रमों में भागीदारी को बढ़ावा व प्रोत्साहन देना है। यह योजना आयोग की top-down निर्णय लेने की परम्परा के विपरीत नीचे-ऊपर (Bottom up) दृष्टिकोण पर कार्य करता है।

BHOPAL
Established since:1990

=> नीति आयोग की संरचना

नीति आयोग
↓
अध्यक्ष - पदेन प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी)
↓
उपाध्यक्ष - राजीव कुमार
↓
CEO - अमिताभ कान्त
↓
गवर्निंग काउंसिल (संचालन परिषद) - सभी राज्यों के मुख्यमंत्री तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल।

↓

क्षेत्रीय परिषद् - विशिष्ट क्षेत्रीय मुद्दों और आकस्मिकताओं को हल करने के लिये क्षेत्रीय परिषदों का गठन किया जायेगा। क्षेत्रीय परिषदों को प्रधानमंत्री द्वारा बुलाया जाएगा।

↓

सदस्य

- पूर्णकालिक सदस्य - 04
- अंशकालिक सदस्य - 02
- पूर्व अधिकारी सदस्य - 04 (प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत)

↓

पदेन सदस्य - 04 (केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् के अधिकतम 4 सदस्य)

↓

संबंधित कार्य क्षेत्र की जानकारी रखने वाले विशेषज्ञ और कार्यरत लोग (प्रधानमंत्री द्वारा नामित) विशेष आमंत्रित के रूप में।

BHOPAL
Established since:1990

↓

सचिवालय - आवश्यकता अनुसार

⇒ नीति आयोग द्वारा वर्तमान समय में किये गये कार्य

1) Atal community innovation Centre (अटल समुदाय नवाचार केन्द्र) :-

भारत में नवाचार को बढ़ावा देने के लिये नीति आयोग के कार्यक्रम अटल नवाचार मिशन के तहत अटल समुदाय नवाचार केन्द्र (ACIS) कार्यक्रम की शुरूआत 31 जुलाई 2019 को नई दिल्ली में हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के अल्पविकसित क्षेत्रों में सामुदायिक नवाचारों को बढ़ावा देना है।

2) आकांक्षी जिला कार्यक्रम :- वर्ष 2018 में शुरू हुये इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े जिलों की पहचान कर उनके समग्र विकास में सहायता करना है। इस कार्यक्रम के तहत नीति आयोग द्वारा जिलों की प्रगति का मूल्यांकन किया जाता है एवं उन्हें रैंकिंग दी जाती है।

3) पोषण अभियान कार्यक्रम :- पोषण अभियान को मार्च 2018 में लागू किया गया उस अभियान का उद्देश्य देश में कुपोषण, महिलाओं मे रक्त की कमी तथा जन्म के समय बच्चे के कम वजन जैसी समस्याओं को कम करना है। यह मिशन महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन है।

4) सामाजिक क्षेत्र सूचकांक :- स्वास्थ्य और शिक्षा के परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने और जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और उपयोग के लिये नीति आयोग ने सामाजिक क्षेत्र सूचकांक तैयार किया है।

BHOPAL Established since1990

5) महिला उद्यमिता मंच :- माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2018 को औपचारिक रूप से मंच का शुभारंभ किया गया। इसका उद्देश्य महिला उद्यमियों और साझेदार संस्थाओं / संगठनों के बीच सर्वोत्तम प्रयासों को साझा करने और नीति निर्माण को बढ़ावा देना है।

अतः नीति आयोग भी योजना आयोग की तरह एक गैर-संवैधानिक निकाय है, जो कैबिनेट के प्रस्ताव द्वारा गठित किया गया है।

Excellent!